DAINIK BHASKAR, Surat, 8.8.2022
Page No. 2, Size:(15.72)cms X (7.83)cms.

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट • सूरत, भरुच, नवसारी, आणंद, वडोदरा, वापी और वलसाड जिले में काम तेजी से चल रहा

75वें स्वतंत्रता दिवस से पहले बुलेट ट्रेन के 75 किमी रूट पर पिलर खड़ा करने का काम पूरा, गर्डर लॉन्चिंग भी चल रही

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

अहमदाबाद-मुंबई 508 किमी हाई स्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना के 75 किमी रूट पर पिलर का काम पूरा कर लिया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने कहा कि हमने 75वें स्वतंत्रता दिवस से पहले हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के 75 किमी रूट पर पिलर खड़ा करने का काम सफलापूर्वक पूरा कर लिया है। गुजरात में बुलेट ट्रेन का काम तेजी से किया जा रहा है। बुलेट ट्रेन का सबसे बड़ा 46 फीसदी हिस्सा पैकेज सी-4 (वापी-सूरत-वडोदरा) 237 किमी लंबा है। एनएचएसआरसीएल के मुताबिक 75 किमी रूट के पिलर का काम गुजरात के सूरत, भरुच, नवसारी, आनंद, वडोदरा, वापी और वलसाड जिले में हुआ है। अब यहां गर्डर लॉन्चिंग का काम भी शुरू हो चुका है।

कब क्या काम किए गए

- लिडार सर्वे- 2018
- पाइल बोरिंग वर्क- 2021
- पिलर फाउंडेशन- अप्रैल 2021
- फर्स्ट पिलर कास्टिंग- जुलाई 2021 वापी
- फर्स्ट सेगमेंट कास्टिंग- सितंबर 2021 सूरत
- फर्स्ट गर्डर लॉन्चिंग- 25 नवंबर 2021

महाराष्ट्र में भी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के काम ने पकड़ ली है रफ्तार

महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद अब बुलेट ट्रेन परियोजना को गति मिली है। मुंबई समेत महाराष्ट्र के अन्य भागों में अटके काम शुरू हो चुके हैं। टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में अभी तक केवल 71.5 प्रतिशत जमीन अधिग्रहित की जा सकी है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कुल 90 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, जो प्रगति पर है। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के अधिकारियों ने बताया कि अब जमीन अधिग्रहण कार्य में तेजी आएगी। वहीं गुजरात में 99 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है।